vi) सदस्य कृपा नोट करे कि a) दूरस्थ ई-मतदान सुविधा को उक्त तिथि तथा मतदान के समय के बाद सीडीएसएल द्वारा निष्क्रिय कर दिया जायेगा और सदस्य द्वारा एकबार प्रस्ताव पर मतदान हो गया, सदस्य उसके वाद उसे वदल नहीं सकता है। b) सदस्य जिनोने 25वीं एजीएम पहले रिमोट ई-मतदान के द्वारा मतदान कर दिया है, 25वीं एजीएम में वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से भाग ले सकते है परन्तु 25वीं एजीएम में ई-मतदान प्रक्रिया के माध्यम से फिर से मतदान करने के पात्र नहीं होंगे। c) 25वीं एजीएम में भाग लेने वाले सदस्य और जिन्होंने दूरस्थ ई-मतदान प्रक्रिया के द्वारा मतदान नहीं किया है, 25वीं एजीएम में दूरस्थ ई-मतदान द्वारा मतदान करने कि पात्र होंगे ; और d)केवल वह व्यक्ति, जिसका नाम सदस्य के रजिस्टर में पंजीकृत हौ अथवा निक्षेपकर्ताओं द्वारा रखे जाने वाले लाभप्रद स्वामियों के रजिस्टर में उक्त अंतिम तारीख तक अभिरक्षित है, दूरस्थ ई-मतदान की सुविधा के साथ साथ 25वीं एजीएम में वीसी/ओएवीएम के माध्यम से मतदान करने का पात्र होगा।
vii) 25वीं एजीएम का नोटिस और वार्षिक विवरणी कं

घटिया चावल का मामला सिर्फ बालाघाट का नहीं बल्कि पूरे प्रदेश का, दोषियों पर हो कार्रवाई

उपभोक्ता मंच ने मानवाधिकार आयोग को याचिका सौंपकर की दखल की माँग

संवाददाता | उज्जैन

नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने मानवाधिकार आयोग को याचिका सौंपते हुए राशन में खराब चावल बाँटने के मामले पर दखल की माँग की है। मंच का आरोप है कि सिवाने के नाम पर बालाघाट जिले के कुछ छोटे कर्मचारियों पर कार्रवाई कर दी गई, जबकि यह गड़बड़ी पूरे प्रदेश में हुई है। ऐसे में यह कार्रवाई प्रदेश स्तर पर होनी चाहिए, ताकि एक भी गुनहगार न बच सके। मंच के अध्यक्ष डॉ. पीजी नाजपाण्डे और रजत भार्गव की ओर से पेश की गई याचिका में आरोप है कि बीते जुलाई और अगस्त माह में राशन दुकानों से घटिया चावल बाँटकर लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ किया गया। आरोप है कि यह चावल इंसानों की बजाय जानवरों के खाने के लायक भी नहीं था, फिर भी यह बाँट दिया गया, जो अमानवीय है। याचिका में गुहार चाही गई है कि गरीबों की हुई जनस्वास्थ्य की हानि की आर्थिक क्षतिपूर्ति करने के निर्देश राज्य सरकार को दिए जाएँ।

जूनियर टैंकमैनों को नियमित करने की चुनौती

जस्टिस विनय कुमार शुक्ला की एकलपीठ ने रायसेन नगर पालिका द्वारा वरिष्ठता की अनदेखी करके जूनियर दैनिक वेतन भोगियों को नियमित किए जाने को चुनौती देने वाली याचिका पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए है। याचिकाकर्ता कन्हैया लाल व अन्य की ओर से अधिवक्ता अशोक चक्रवर्ती पैरवी कर रहे हैं।

व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण न देने को चुनौती

अखबार संवाददाता की ओर से हाईकोर्ट में दायर एक मामले में आरोप है कि प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा विभाग ने दोहरा मापदण्ड अपनाया है। बीते 31 जुलाई को जारी दो आदेशों में बीएड-एमएड कोर्स वाले पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 14 प्रतिशत आरक्षण तय किया गया, वहीं बीकॉम-एमकॉम जैसे पाठ्यक्रमों में इसके लिए 27 फीसदी आरक्षण दिया जा रहा, जो असंवैधानिक है। गुरुवार को चीफ जस्टिस अजय कुमार मित्तल और जस्टिस सुजय पॉल की युगलपीठ ने इस मामले की सुनवाई ओबीसी आरक्षण से संबंधित अशिता दुबे की मूल याचिका के साथ 23 सितंबर को करने के निर्देश दिए है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता नमन नागरथ, अधिवक्ता रामेश्वर पी सिंह और राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता आरके वर्मा हाजिर हुएगी-2

धोखाधड़ी के आरोपी को जमानत नहीं

जस्टिस राजीव कुमार दुबे की एकलपीठ ने रीवा के जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक को धोखा देकर धोखाधड़ी करने वाले एक आरोपी की जमानत अर्जी निरस्त कर दी है। रीवा के नेहरू नगर में रहने वाले पीयूष चतुर्वेदी पर आरोप है कि उसने बैंक के तत्कालीन बैंक अधिकारियों-कर्मचारियों व अन्य लोगों के साथ मिलकर 31 अप्रैल 2013 से 31 मार्च 2015 के बीच इस धोखाधड़ी को अंजाम दिया था। आरोपी पीयूष पर आरोप है कि उसने फर्जी ये ऑर्डर के जरिए अपने खाते में 9 लाख 41 हजार रुपए ट्रांसफर कराए और फिर इस राशि को निकालकर उसका दुरुपयोग किया। इस तरह बैंक में कुल 6 करोड़ 41 लाख रुपए की धोखाधड़ी की गई थी। सुनवाई के दौरान आरोपी की ओर से कहा गया कि वो विवादित राशि जमा करने तैयार है। अदालत ने कहा कि आरोपी वर्ष 2015 से फरार था और हाल ही में हुई गिरफ्तारी के बाद पुलिस को उससे पूछताछ करनी है। ऐसे में उसको जमानत का लाभ देना उचित नहीं है। शासन की ओर से पैनल अधिवक्ता अजय तामकर और बैंक प्रबंधन की ओर से अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह ने पक्ष रखा।

पेंशन की सही गणना न किए जाने को चुनौती

पेंशनर्स समस्या निराकरण एसोसिएशन खण्डवा के अध्यक्ष दर्शन सिंह तलरेजा की उस याचिका पर जस्टिस नंदिता दुबे की एकलपीठ ने नोटिस जारी करने के निर्देश दिए, जिसमें राज्य सरकार द्वारा छठा 7 प्रतिशत दिए गए सातवें वेतनमान के पेंशन लाभ को सही गणना न किए जाने का आरोप है। इस गड़बड़ी को सुधारने कई बार बैंक अधिकारियों व शासन के संबंधित विभागों को शिकायतें देने के बाद भी कोई कार्रवाई न होने पर यह याचिका दायर की गई। आवेदक की ओर से अधिवक्ता राहुल मिश्रा पैरवी कर रहे हैं।

एकमुश्त यात्री कर देने की बाध्यता को दी गई चुनौती

संवाददाता, जबलपुर। मध्य प्रदेश मोटर यान कराधान अधिनियम के उस प्रावधान की संवैधानिकता को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है, जिसमें बस संचालकों को एकमुश्त यात्री कर जमा करने बाध्य किए जाने की कटघरे में रखा गया है। चीफ जस्टिस अजय कुमार मित्तल और जस्टिस सुजय पॉल की युगलपीठ ने सरकार व अन्य को नोटिस जारी कर अगली सुनवाई 6 अक्टूबर को निर्धारित की है। जबलपुर निवासी वीरेंद्र कुमार साहू व अन्य की ओर से दायर याचिका में कहा गया है कि जब उनकी बसें सड़कों पर चल ही नहीं रही, तो उनसे टैक्स वसूलना अनुचित है। गुरुवार को हुई सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता असीम त्रिवेदी का पक्ष सुनने के बाद युगलपीठ ने उपमहाधिवक्ता स्वप्निल गांगुली को जवाब पेश करने का समय देकर सुनवाई मुल्तवी कर दी गी-2

हनी ट्रैप की सरगना के पास तलाशी में मिला स्किन रोग का ट्यूब

जेल मुख्यालय की टीम ने ली महिला वार्ड की तलाशी, केंद्रीय जेल अधीक्षक से 7 दिन में मांगा जवाब

भास्कर न्यूज़, भोपाल।

इंदौर जिला जेल से जेलर और हनीट्रैप की सरगना के बीच गुफ्तगू की तस्वीरें वायरल होने के मामले में मुख्यालय की जेल मुख्यालय की टीम ने तलाशी अभियान चलाया। एडीजी के नेतृत्व में 50 सदस्यीय दल ने महिला वार्ड में बंद एक-एक महिला कैदी के सामानों की तलाशी ली। हनीट्रैप की सरगना श्वेता विजय जैन के पास से एक स्किन रोग का ट्यूब मिला है, जो कि डॉक्टर द्वारा लिखा जाना पाया गया। इसके अलावा टीम की फ्लाशरी सामग्री, गुड वगैर मिला है, जो कि कुछ दिनों पूर्व ही जेल में बांटा गया था। दरअसल इंदौर जिला जेल में बंद हनीट्रैप की आरोपी श्वेता विजय जैन और जेलर केके कुलश्रेष्ठ के बीच हुई गुफ्तगू की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। इन तस्वीरों में महिला वार्ड के अंदर जेलर कुलश्रेष्ठ कुर्सी पर बैठे नजर आ रहे हैं जबकि उनके सामने हनीट्रैप की आरोपी श्वेता विजय जैन (40) खड़ी हुई है। खुफिया ढंग से इस बातचीत का वीडियो बनाकर तस्वीरें वायरल करना गंभीर अपराध है। जेल डीजी संजय चौरसिया के निर्देश पर गुरुवार को जेल मुख्यालय के डीआईजी संजय पांडे महिला व पुरुष पुलिस बल के साथ इंदौर जिला जेल पहुंचे थे। अचानक पहुंची मुख्यालय की टीम ने पहले महिला वार्ड में जाकर तलाशी अभियान चलाया। इसके बाद सीसीटीवी कैमरे चैक किए। वार्डों में निरीक्षण का रिकार्ड भी खंगाला। तलाशी अभियान के दौरान कैदियों के पास गुड़, मूंगफल्ली, साबूदाना जैसी बाहरी सामग्री मिली। श्वेता विजय जैन के पास स्किन रोग से संबंधित एक क्रीम मिली है। पूछताछ में श्वेता ने डाक्टर का पर्चा दिखाया जिसके आधार पर ही उसने यह क्रीम खरीदी थी। डीआईजी के नेतृत्व में अभियान में जेल के अंदर कोई भी आपत्तिजनक या प्रतिबंधित वस्तु नहीं मिली है। तलाशी और निरीक्षण के बाद डीआईजी पांडे ने इंदौर केंद्रीय जेल अधीक्षक राकेश कुमार भांगरे को 7 दिन में रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए है।

हर वार्ड के निरीक्षण का होता है रिकार्ड

खास तौर पर महिला वार्ड में जेलर का निरीक्षण रुटिन होता है। निरीक्षण का समय, अधिकारी का नाम व निरीक्षण में क्या पाया गया उसका विवरण रिकार्ड में दर्ज होता है। महिला प्रहरियों की मौजूदगी में महिला वार्ड का निरीक्षण किया जाता है।

केंद्रीय जेल अधीक्षक इन बिंदुओं पर करेंगे जांच

» महिला वार्ड में जेलर का निरीक्षण रात-कब हुआ, तथा छोर जाता था।

» प्रहरियों के अलावा क्या कोई इलेक्ट्रानिक डिवाइज तो जेल के अंदर नहीं लाई गई।

» तलाशी के बाबदे में उठने वाले शक्ति के कर्मचारी व सजायाफ्ता कैदियों को भी जांच के बाबदे में रखा जाए।

» सीसीटीवी कैमरे की फुटेज, वार्ड में निरीक्षण का कारण व अन्य बिंदुओं को शामिल किया जाए है।

इनका कहना है

जेल के तलाशी अभियान में कोई खास नहीं मिला है। केंद्रीय जेल अधीक्षक को गोपनीय ढंग से तलाशी चाबियाँ बरामद करने की जांच सौंपी गई है। राकेश भांगरे, जेल अधीक्षक

आईपीएस शैलेष सिंह बने स्पेशल डीजी

भोपाल। राज्य सरकार ने गुरुवार को आदेश जारी कर आईपीएस अधिकारी को स्पेशल डीजी के पद पर पदोन्नत कर दिया। इससे पहले वे पुलिस मुख्यालय की अग्निशमन सेवायें में एडीजी थे। वे पदोन्नति के बाद वे पूर्ववत अग्निशमन सेवायें देखेंगे।

नामांकन के समय पांच व्यक्तियों की मौजूदगी को दी जाये अनुमति

भोपाल। प्रदेश कांग्रेस के चुनाव कार्य प्रभारी जेपी धनोपिया ने गुरुवार को प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को पत्र सौंपकर उपचुनावों के लिये सुझाव दिये। इसमें उन्होंने कहा कि रिटर्निंग आफिसर के यहां नामांकन-पत्र जमा करने के दौरान सिर्फ दो व्यक्तियों की मौजूदगी की अनुमति के स्थान पर पांच व्यक्तियों की मौजूदगी की मंजूरी दी जाये। पत्र में यह भी सुझाव दिया गया कि मतदान केंद्रों में अभ्यर्थ स्क्रीनिंग हेतु आशा कार्यकर्ताओं की सेवायें नहीं ली जाये क्योंकि वे सेनाओं के दबाव में रहेंगी।

9 जिलों में भारी वर्षा का येलो अलर्ट

भास्कर न्यूज़, भोपाल।

मौसम विभाग ने प्रदेश के 9 जिलों में अगले 24 घंटों में भारी वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया है। गुरुवार को जारी अलर्ट में राजगढ़, धार, रतलाम, शाजापुर, आगर, शहीद कलां, मदसौर, नीमच और गुना जिलों में कही-कही भारी बारिश की चेतावनी दी गई है।

इसी तरह जबलपुर, भोपाल और होशंगाबाद संभागों के जिलों में गरज चमक के साथ बिजली चमकने एवं गिरने की संभावना जताई गई है। मौसम का पूर्वानुमान एवं किसान बुलेटिन के अनुसार भोपाल, होशंगाबाद, इंदौर, उज्जैन, चंबल, ग्वालियर एवं जबलपुर संभाग के जिलों में अनेक स्थानों पर बौछारों के साथ गरज चमक होगी। सागर, रीवा एवं शहडोल संभागों के जिलों में कुछ स्थानों पर यह स्थिति रहेगी। गुरुवार सुबह 8.30 बजे के प्रेक्षण पर आधारित मौसम के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के रीवा संभाग के जिलों में अधिकांश स्थानों पर भोपाल, सागर, उज्जैन, ग्वालियर एवं चंबल संभागों के जिलों में अनेक स्थानों पर शहडोल, होशंगाबाद एवं इंदौर संभागों के जिलों में कुछ स्थानों पर तथा शेष संभागों के जिलों में कही-कही वर्षा दर्ज की गई। इसमें कुरवाई में 12 मिमी, गुढ़ में 9, रायपुर कचुलियां और इंदौर में 7, चितरंगी, हनुमना और मढ़ू में 6 मिमी वर्षा दर्ज की गई।

भोपाल जिले में अब तक 11.67 मिमी औसत वर्षा दर्ज

भोपाल जिले में गुरूवार सुबह 8.30 बजे की स्थिति में 11.67 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि बैरागढ़ में 0.00 मिमी, बैरसिया में 35.00 मिमी तथा कोलार क्षेत्र में 0.00 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। जिले में 1 जून से 3 सितम्बर तक 646.45 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। अब तक बैरागढ़ में 1180.60 मिमी, बैरसिया में 991.75 तथा कोलार में 767.00 मिमी वर्षा दर्ज की जा चुकी है। इस वर्ष इसी अवधि में 879.55 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई थी।

वर्क फ्रॉम होम के नाम पर बेरोजगारों से ठगी करने के दो आरोपी गिरफ्तार

600 से ज्यादा बेरोजगारों से रजिस्ट्रेशन के नाम पर ठगे 27 लाख, राज्य सायबर पुलिस ने की कार्रवाई

भास्कर न्यूज़ | भोपाल

राज्य सायबर पुलिस ने मास इन्फो मीडिया और बिजनेस इन्फोटेक के संचालकों को गिरफ्तार कर ठगी के नए नेटवर्क का खुलासा किया है। दोनों आरोपी वर्क फ्रॉम होम के नाम पर बेरोजगारों को फर्जी असाइनमेंट देकर रजिस्ट्रेशन फीस वसूल लेते थे। जब बेरोजगार असाइनमेंट पूरा कर लौटता तो उसमें कमी निकालकर थोड़ी बहुत रकम उसे थमाकर भगा देते थे। अब तक दोनों जालसाजों ने 600 से ज्यादा बेरोजगारों से 27 लाख रुपए से ज्यादा रकम ठगी है। पुलिस दोनों से उनके अन्य गुनाहों को लेकर सवाल कर रही है।

एसपी सायबर गुरकरण सिंह ने बताया कि इस संबंध में बेरोजगारों की ओर से लगातार शिकायतें मिल रही थीं। तकनीकी जांच के बाद इंस्पेक्टर अभिषेक सोलंकर की टीम ने एमपी नगर में संचालित दो संस्थानों पर दबिश दी। लुभावनी वेबसाइट बनाकर बेरोजगारों को झांसे में लिया जाता था। इस आधार पर पुलिस ने मास इन्फो मीडिया के संचालक अनिरुद्ध चौकसे और बिजनेस इन्फोटेक के संचालक गौरव जोशी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि अनिरुद्ध ने 4 गड़बड़ी करीब दो साल पहले ही शुरू की है, जबकि गौरव करीब चार साल से बेरोजगारों को धोखा दे रहा है।

एक पेज पर 12 रुपए, महीने में 48 हजार

एसपी के मुताबिक लॉकडाउन के दौरान वर्क फ्रॉम होम काम करने वाले बेरोजगारों की संख्या अचानक बढ़ गई थी। जरूरतमंद लोगों के रफ्तार बढ़ गई और रकम भी। इसीलिए जालसाजों की वेबसाइट पर फिर लुभावने ऑफर को देखकर लोग झांसे में आ गए। आरोपी एक पेज टाइप करके लाने पर 12 रुपए का ऑफर देते थे। वादा था कि हर व्यक्ति को महीने में कम से कम 4000 पेज टाइप करने होंगे। इससे वह 48 हजार रुपए महीना तक कमा सकते हैं। उम्मीदवार उन 4000 पेज टाइप करके लौटता तो जालसाज उनमें कमी निकालने लगते थे। इसके बाद उन्हें महज 500-1000 रुपए देकर टरका देते थे।

600 बेरोजगारों को ठगने का अंदाजा

पुलिस का अंदाजा है कि कोई जालसाजों ने अलग-अलग कंपनियां संचालित कर करीब 600 बेरोजगारों से 27 लाख रुपए ठगे हैं। हर उम्मीदवार से अकेले 4500 हजार रुपए रजिस्ट्रेशन फीस वसूलते थे। उन्हें टाइपिंग का काम सौंपकर बाद में कमियां निकाल देते और उन्हें की रकम में से 500-1000 रुपए देकर बाकी रकम हड़प लेते थे। पुलिस फिलहाल कोई से पूछताछ कर रही है।

पढ़े लिखे जालसाज

नाम : अनिरुद्ध चौकसे (30) संचालक माइन्फो मीडिया
निवासी : शिवविहार, होशंगाबाद
पढ़ाई : सीएमए, इन्दौर पास

नाम : गौरव जोशी (28) संचालक बिजनेस इन्फोटेक
निवासी : अरवाड़ी, भोपाल
पढ़ाई : बीसीए, इन्दौर

प्रदेश में 58% गिरी जीएसटी आय, जुलाई अगस्त में आया सुधार, अब 3% का अंतर

कोरोना का असर • गत वर्ष से 10 करोड़ कम, 1484 करोड़ ही कलेक्शन

भास्कर न्यूज़ | इंदौर

कोरोना काल में अप्रैल से जून के बीच पूरे देश में वित्त वर्ष की पहली तिमाही में जीडीपी में 23.9 फीसदी की नकारात्मक वृद्धि दर दर्ज की गई। इस दौरान मप्र में भी जीएसटी कलेक्शन केवल 42 फीसदी दर्ज होकर 58 फीसदी गिरावट में रहा। लेकिन जुलाई-अगस्त के जीएसटी कलेक्शन के आंकड़े बता रहे हैं कि अब मप्र में कारोबार फिर से पटरी पर आ रहा है। जुलाई और अगस्त का कुल जीएसटी कलेक्शन केवल 42 फीसदी दर्ज होकर 58 फीसदी गिरावट में रहा। लेकिन जुलाई-अगस्त के जीएसटी कलेक्शन के आंकड़े बता रहे हैं कि अब मप्र में कारोबार फिर से पटरी पर आ रहा है। जुलाई और अगस्त का कुल जीएसटी कलेक्शन बीते साल से केवल 3 फीसदी कम है। पिछले साल इन दो महीनों में जीएसटी कलेक्शन 3296 करोड़ हुआ था, जो इस बार अब तक 3208 करोड़ हो गया है। अगस्त 2019 में जीएसटी कलेक्शन मप्र में 1494 करोड़ हुआ था जो इस बार केवल 10 करोड़ कम होकर 1484 करोड़ पर पहुंच गया।

जीएसटी कलेक्शन में अंतर : अप्रैल से अगस्त के बीच वर्ष 2019 में कुल आय 8521 करोड़ रुपए हुई थी, जो इस बार अप्रैल-अगस्त के दौरान 5434 करोड़ हुई। अप्रैल से जून के बीच पहली तिमाही में आय 5225 करोड़ होना थी जो केवल 2226 करोड़ हुई।

अब सुधार : जुलाई 2019 में जीएसटी कलेक्शन 1802 करोड़ था जो जुलाई 2020 में 1724 करोड़ हुआ। अगस्त 2019 में जीएसटी कलेक्शन 1494 करोड़ हुआ था जो अगस्त 2020 में 1484 करोड़ हुआ।

इस तरह हुआ आय में अंतर

गत वर्ष अप्रैल से अगस्त के बीच मप्र शासन की वाणिज्यिक कर विभाग में वैट, जीएसटी, पेट्रोल-डीजल आदि के मिलाकर 14817 करोड़ रुपए मिले थे, जो इस बार अप्रैल से अगस्त के दौरान 12224 करोड़ रहे।

पांच बाढ़ प्रभावित जिलों में फसल बीमा की अवधि 7 सितंबर तक बढ़ी

कृषि मंत्री कमल पटेल ने किसानों की ओर से जताया केन्द्र सरकार का आभार

भास्कर न्यूज़, भोपाल।



बाढ़ प्रभावित प्रदेश के पांच जिले रायसेन, सीहोर, होशंगाबाद, देवास और हरदा जिले के किसानों की केन्द्र सरकार ने बड़ी राहत देते हुए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की अवधि 7 सितंबर तक के लिए बढ़ा दी है। कृषि मंत्री कमल पटेल ने इन जिलों के किसानों की ओर से केन्द्र सरकार और केन्द्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कोरोना काल में जब किसान फल, सब्जी, दूध और खाद्यान का प्रबंध कर देश को सम्बलाने के लिए डटे थे अब संकट के समय में किसानों को संबल देना सरकार की जिम्मेदारी है। मंत्री कमल पटेल ने कहा कि प्रदेश में फसल बीमा की अवधि दो बार बढ़ाने के बावजूद अगस्त के अंतिम दिनों में आई भीषण बाढ़ के कारण सभी किसान बीमा कवर नहीं ले सके थे। कमल पटेल ने कहा कि प्रदेश में सोयाबीन का अच्छा उत्पादन होता लेकिन अतिवृष्टि और बाढ़ से फसलें चौपट हो गई। फसल बीमा हो जाने से किसानों की भरपाई की जा सकेगी जिससे वह मजबूती के साथ कृषि कार्य कर सकें।

प्राइवेट मंडियां खोलने का विरोध कर रहे प्रदेशभर के मंडी कर्मियों पर लाठीचार्ज

कोरोना काल में मप्र सरकार ने मॉडल मंडी एक्ट में किया था संशोधन, उसके बाद ही हो रहा था विरोध -प्रदेशभर से आए मंडी कर्मचारी वल्लभ भवन घेरने पहुंचे थे

भास्कर न्यूज़ | भोपाल

मप्र में प्राइवेट मंडियों को कृषि उपज खरीदने की अनुमति देए जाने का विरोध कर रहे पूरे प्रदेश के कर्मचारियों ने राजधानी में वल्लभ भवन घेरने की कोशिश की। उन्हें रोकने के लिए पुलिस को लाठियां चलानी पड़ी। इसमें देवास से एक कर्मचारी का हाथ तक टूट गया। करीब 15 अन्य घायल हो गए। इसमें कई महिला कर्मचारी भी शामिल थीं। इससे पहले वल्लभ भवन की ओर बढ़ रहे कर्मचारियों को पुलिस ने समझाने का प्रयास किया। जब वह नहीं माने और नारे लगाकर आगे बढ़ने लगे तो बल प्रयोग करते हुए लाठीचार्ज कर दी, जिससे कृषी के मंडी कर्मचारी चिमन मंडलोई का दायां हाथ टूट गया। पुलिस ने कर्मचारियों, हम्मालों और तुलावटियों को वहां से खदेड़ दिया। मंडी बोर्ड के कर्मचारियों को विंध्याचल भवन के पास बीएमडीए कार्यालय रोक दिया गया था। लेकिन कर्मचारी बीएमडीए तोड़कर वल्लभ भवन के नजदीक जा पहुंचे। कर्मचारी नेताओं की पुलिस के साथ झूमाझटकी भी हुई। कर्मचारी सरकार के मंडी मॉडल एक्ट के विरोध में संयुक्त मोर्चा के बैनर तले रैली निकाल रहे थे।

वल्लभ भवन के आसपास धारा-144 लागू, नहीं कर सकते विरोध

पुलिस ने वहां कि कर्मचारी बिना अनुमति के प्रवेश कर रहे थे। मंत्रालय के आसपास धारा 144 लागू है। यहां पर रैली, प्रदर्शन और विरोध। कार्यक्रमों पर पाबंदी है। पुलिस ने पहले समझाया, लेकिन प्रदर्शनकारी हट नहीं रहे थे। इसलिए यहां से उन्हें हटाया गया।

मंडी कर्मचारियों की मांग

सरकार के मॉडल मंडी एक्ट का अधिकांश का विरोध कर रहे हैं। उनका मांग है कि सरकार की नई व्यवस्था से मंडी कर्मचारियों और अधिकारियों की आर्थिक स्थिति से जूझना पड़ेगा। अभी उनका वेतन मंडियों की आय पर निर्भर करता है।

मॉडल मंडी एक्ट में यह हैं प्रावधान

-निजी क्षेत्रों में मंडियों की स्थापना हेतु प्रावधान किया गया है।
-किसानों सहकारी समिति स्टोरेज आदि को भी प्राइवेट मंडी घोषित किया जा सकेगा।
-किसानों से मंडी के बाहर उस स्तर हेतु प्रावधान किया गया है।
-मंडियों में निजी मंडियों के कार्य में कोई हस्तक्षेप नहीं रहेगा।
-उपज संग्रहण मंडी बोर्ड से रेजिस्टर्ड मंडियों को पृथक कर संचालन विपणन की दिए जाने का प्रावधान किया गया है।
-पूरे प्रदेश में एक ही लाइसेंस से व्यापारियों को व्यापार करने का प्रावधान किया गया है।

सांवेर में 35 कार्यकर्ताओं पर प्रकरण दर्ज होने के बाद कांग्रेस नेता पहुंचे थाने, नाराजगी जताई

भास्कर न्यूज़ | इंदौर

सांवेर में कांग्रेस कार्यालय उद्घाटन में भीड़ इकट्ठा करने और जुलूस निकालने पर 35 लोगों पर प्रकरण दर्ज हुआ। गुस्साए कांग्रेस नेता अपने कार्यकर्ता और समर्थकों के साथ गुरुवार को थाने पहुंचे। पूर्व सांसद प्रेमचंद गुड्डू, पूर्व मंत्री जीतू पटवारी, जिलाध्यक्ष सज्जन यादव सहित कांग्रेस के अन्य नेताओं ने प्रकरण दर्ज करने पर जमकर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने एसडीओपी और टीआई से कहा आप लोग भाजपा के इशारे पर काम कर रहे हो।

पटवारी ने तो यहां तक कह दिया कि यह सरकार 42 दिन की और है। तुलसी सिलावट सात-आठ दिन के मंत्री बचे हैं। जिला अधिकारी ने अपना दायित्व सही तरह से नहीं निभाया, भाजपा कार्यकर्ता के रूप में कार्य किया, वे याद रखें। उन्होंने कहा मैं तो थोड़ा सरल हूं लेकिन प्रेमचंद गुड्डू की चक्की बहुत शारीक आटा पीसती है। पूर्व सांसद गुड्डू ने कहा पुलिस-प्रशासन दुभांतिया से काम करे, यह नहीं चलेगा। एसडीओपी और कमल पालवाल, कमल पालवाल का लड़का इस तरह से नाम लिखे गए हैं। जांच है कि आप लोगों को नाम तक की जानकारी नहीं है। जिन लोगों पर प्रकरण दर्ज किए गए हैं उनमें कई 75 से लेकर 85 साल तक के लोगों हैं। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को डराने-धमकाने के लिए यह सब किया जा रहा है। जिलाध्यक्ष यादव ने कहा पुलिस-प्रशासन भाजपा के एजेंट के रूप में काम कर रहा है। उन्नतिक देपता से सिलावट के कहने पर कार्रवाई की गई। मंत्री के यहां से सूची आई और प्रकरण दर्ज किया गया। ऐसे लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया जो ऑफिस में बैठे थे। इस मौके पर विधायक संजय शुक्ला, विधायक विशाल पटेल सहित अन्य लोग मौजूद थे।

तकनीकी खामी के कारण जो छात्र नहीं दे पाए परीक्षा उनकी 6 सितंबर को होगी

भोपाल। राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी), बीई,बी.फार्मेसी के आठवें सेमेस्टर के विद्यार्थियों को चार पेपर की ऑनलाइन परीक्षा 6 सितंबर को दोबारा आयोजित करेगा। इसमें वे सभी स्टूडेंट्स शामिल हो सकेंगे जो 24 अगस्त को हुई परीक्षा में विभिन्न तकनीकी खामियों के कारण परीक्षा सफलतापूर्वक नहीं कर सके थे। 6 सितंबर की यह परीक्षा दोपहर 12 से 3 बजे तक आयोजित की जाएगी।

जयप्रकाश पॉवर वेन्चर्स लिमिटेड
सी आई एन : L40101MP1994PLC042920
पंजीकृत कार्यालय : जेपी विलाज, गुप्ता कॉम्प्लेक्स पावर प्लांट परिसर, गिलौरी, तहसील सबलगढ़, जिला मोरेना(म.प्र.)-488 669 (मध्य प्रदेश), दूरभाष : +91 (7801) 286021-30, फैक्स +91 (7801) 286030
कॉर्पोरेट कार्यालय : 'जेए हाउस', 63, बसंत लोक, वसंत विहार, नई दिल्ली-110057
दूरभाष : +91(011)46628064 / 26143368 फैक्स : +91(011)26143369
वेबसाइट :www.jppowerventures.com, ई मेल: jpvl.invession@jaiprakash.co.in

25वाँ वार्षिक साधारण सभा, दूरस्थ ई-मतदान तथा बुक क्लोजर आदि की सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि :
1. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ("सेबी सर्कुलर") समय समय पर निर्गमित 12 मई, 2020 परिपत्र संख्या SEBI/HO/CFD/CMD1/CIR/P/2020/79 और सेबी सर्कुलर संख्या SEBI/HO/CFD/CMD1/CIR/P/2020/67 और सेबी सर्कुलर संख्या 14/2020, 17/2020 एवं 20/2020 दिनांकित 8 अप्रैल, 2020, 13 अप्रैल, 2020 और 5 मई, 2020, क्रमशः, के साथ पढ़ा जाए सेबी सूचीकरण दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं विनियम, 2015 और कंपनी अधिनियम, 2013 के लागू होने वाले नियमों और लागू प्रावधानों के अनुपालन में, कंपनी की 25 वार्षिक साधारण सभा (सभा/सभाएँ) शनिवार, 26 सितम्बर, 2020, शुक्रवार दिनांक 11:00 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग एवं अन्य ऑडियो विजुअल माध्यमों ("वीसी / ओएवीएम") के ही जरिए एवं सदस्यों की सहमति उपस्थिति के बिना कुशलता पाते हैं।
2. कम्पनी अधिनियम और सेबी परिपत्र के अनुसार, 31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष की अंकेक्षित वित्तीय विवरणों सहित 25 एकीकृत का परिपत्र और वर्ष 2020 की (वित्तीय विवरणों) सभा सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक मोड द्वारा केवल ही भेजे है जिनके ईमेल पते कंपनी/डिपॉजिटरी के पास पंजीकृत है। सदस्यों को 25 एकीकृत के नोटिस और वार्षिक विवरणी की नोटिस प्रति केवल की आवश्यकता एसएमएस माध्यमों और ऐसी वेबसाइट के द्वारा उपलब्ध कराए दी गई है।
3. कंपनी अधिनियम, 2013 एवं विनियमन, 2020 की नोटिस धारा 108 अधिनियम धारा 44 सेबर सूचना करने वाले सदस्य द्वारा इलेक्ट्रॉनिक के नोटिस में निर्दिष्ट माध्यम एवं विधि सदस्यगण एवं प्रतिभूतिधारक माध्यम से रिमोट इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग (ई-वोटिंग) की इलेक्ट्रॉनिक प्रक्रिया (दूरस्थ ई-मतदान) के द्वारा अपना मत डाल सकते है। सभी सदस्यों की सूचना किया जाता है कि :
(i) 25 एकीकृत के नोटिस में निर्दिष्ट कारोबार एवं विशेष व्यवसाय इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान द्वारा निपटाया किया जाएगा ।
(ii) दूरस्थ ई-मतदान मंगलवार, 22 सितम्बर, सुबह 9 बजे भारतीय समयानुसार प्रारम्भ हो शुरू होगा ।
(iii) दूरस्थ ई-मतदान गुरुवार, 24 सितम्बर, 2020 की शाम 5 बजे भारतीय समयानुसार समाप्त होगा ।
(iv) दूरस्थ ई-मतदान मंगल 25 सितम्बर से ई-मतदान प्रक्रिया के द्वारा मतदान करने की योग्यता निर्धारित करने हेतु अंतिम तारीख 18 सितम्बर, 2020 है ।
v) कोई व्यक्ति जो 25 दिन द्वारा 25 एकीकृत का नोटिस के निकट के बाद कंपनी का सदस्य बना है और कंपनी अथवा कोई व्यक्ति जो कंपनी के सदस्य है, वह दूरस्थ ई-मतदान के लिए लॉगइन आई डी एवं पासवर्ड evotingindia@cdslindia.com से प्राप्त कर सकते है. helpdesk.evoting@cdslindia.com पर ई-मेल भेजकर अथवा 022- 23058542/43 अथवा की नंबर पर संपर्क कर सकते है ।
vi) सदस्य कृपा नोट करे कि 25 दूरस्थ ई-मतदान सूचित की उक्त तिथि तथा मतदान के समय के बाद डीमैटेरियलाइज द्वारा निर्गमित कर दिए जाएंगे और मतदान द्वारा इलेक्ट्रॉनिक मतदान पर मतदान की मना, मतदाता उसके बाद उसे मतदान नहीं सकता है । (b) मतदान निर्धारित 25 एकीकृत सूचना नोटिस ई-मतदान के द्वारा मतदान कर दिए है, 25 एकीकृत के नोटी / सोशलिटा सूचित के मतदान के मान से सभी है चाहे 25 एकीकृत के ई-मतदान प्रक्रिया के मतदान के लिए के मतदान करने के बाद नहीं होंगे । (c) 25 एकीकृत में मान लेने वाले मतदान और निर्धारित सूचना ई-मतदान प्रक्रिया के मतदान नहीं किए है, 25 एकीकृत में सूचना ई-मतदान द्वारा मतदान करने के बाद होंगे ; और (d) प्रक्रिया यह व्यक्ति, जिसका नाम सदस्यों के रजिस्टर में या लाभ निर्धारकों की अवधि निर्धारकों द्वारा रखे जाने वाले लाभकर स्वामियों के रजिस्टर में उक्त तारीख तक अभिलिखित है, दूरस्थ ई-मतदान की सुविधा के साथ साथ 25 एकीकृत के नोटो / सोशलिटा के मतदान करने का मतदान किया जा सकता होगा ।
viii) 25 एकीकृत का नोटिस और वार्षिक विवरणी कंपनी की वेबसाईट www.jppowerventures.com और रजिस्ट्रार सिमिटेड की वेबसाईट यानि www.linkintime.com और इलेक्ट्रॉनिक मतदान की www.evotingindia.com पर उपलब्ध है । 25 एकीकृत का नोटिस सीडीएसएल वेबसाईट https://www.evotingindia.com; पर उपलब्ध है ।
ix) मतदान आपको इलेक्ट्रॉनिक में मान लेने और ई-मतदान प्रक्रिया के द्वारा मतदान करने संबंधी कोई समस्या अथवा प्रश्न हो, तथा अक्सर पूछे गये प्रश्नों (FAQs) और सहायता अनुभाग के अंतर्गत www.evotingindia.com पर उपलब्ध